# कार्यालय, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा / प्रारं / शैक्षिक / ए / 3505 / विद्यालय व्यवस्था / 2018 / 264 दिनांकः 17.08.2023

संभागीय संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा समस्त।

विषयः कनिष्ठ शिक्षक, पंचायत शिक्षक, पाठशाला सहायक एवं विद्यालय सहायक का जॉब चार्ट निर्धारण।

प्रसंगः शासन उप सचिव, प्रारंभिक शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर का पत्रांक पं. 19(1)प्राशि / राशिकबो / 2021–02907 जयपुर दिनांक 10.08.2023

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रसंगोक्त पत्र के माध्यम से कनिष्ठ शिक्षक, पंचायत शिक्षक, पाठशाला सहायक एवं विद्यालय सहायक के अनुमोदित जॉब चार्ट अनुसार दायित्व निर्धारित किये जाते हैं–

### कनिष्ठ शिक्षक एवं पंचायत शिक्षक के दायित्व

पाठशाला सहायक एवं विद्यालय सहायक हेतु निर्धारित दायित्व के साथ साथ कनिष्ठ शिक्षक एवं पंचायत शिक्षक निम्नांकित कार्य भी करेंगे–

1. मिड–डे–मील प्रभारी के सहयोगार्थ कार्य करेंगे।
2. प्रशैक्षणिक योग्यतानुसार पदेन पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सौंपे गए अकादमिक कार्य तथा शिक्षण कार्य सम्पादित करेंगे।
3. निःशुल्क पाठय पुस्तक, गणवेश वितरण में सहयोगार्थ कार्य करेंगे।
4. सहशैक्षिक गतिविधियों / पाठ्यसहगामी क्रियाओं जैसे "नो बेग डे" आदि मे सहयोगार्थ कार्य करेंगे।
5. यू–डाइस के ऑफलाईन व ऑनलाईन प्रविष्टि में सहयोगार्थ कार्य सम्पादित करेंगे।

### पाठशाला सहायक एवं विद्यालय सहायक के दायित्व

1. पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र मे स्थित प्रारम्भिक शिक्षा के विद्यालयों के निरीक्षण में सहयोगार्थ कार्य करेंगे।
2. प्रारम्भिक शिक्षा की गुणवता सुधार एवं प्रबन्धन से सम्बन्धित समस्त कार्यों में सहयोगार्थ कार्य करेंगे। अनामांकित / ड्रॉपआऊट बच्चों का चिन्हीकरण कर विद्यालय से जुड़ाव तथा ठहराव सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों से सम्पर्क कर विभाग में संचालित लाभकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाते हुए प्रेरित करने संबंधी कार्यों में सहयोग करेंगे।
3. ग्राम पंचायत क्षेत्र मे प्रारम्भिक शिक्षा मे गुणवता सुधार, नामांकन वृद्धि, आधारभूत संरचना, विकास आदि के लिए प्रस्ताव तैयार करवाने एवं विद्यालय वार कार्य योजना निर्माण व क्रियान्वयन के सम्बन्ध में समस्त कार्यों में सहयोग करेंगे एवं भामाशाह / दानदाताओं एवं जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क करने एवं सहयोग प्राप्त करने हेतु सहयोगार्थ कार्य करेंगे।
4. प्रारम्भिक शिक्षा के सम्बन्धित ग्राम पंचायत स्तर के विद्यालयों की समस्त प्रकार की सूचनाओं के शाला दर्पण एवं अन्य पोर्टल पर आदान–प्रदान / अपडेशन / प्रविष्टि संबंधी कार्यों में सहयोगार्थ कार्य करेंगे।

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation: Director
Date: 2023.08.17 17:53:41 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No 4528022

5. विद्यालय विकास समिति/विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति/अभिभावक शिक्षक बैठक एवं ग्राम पंचायत की मासिक बैठकों के आयोजन एवं प्रारम्भिक शिक्षा की शिक्षण व्यवस्था तथा अन्य गतिविधियों की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान किये जाने हेतु सहयोगार्थ कार्य करेंगे।

नोटः उक्त कार्यों के अतिरिक्त समय-समय पर पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रारम्भिक शिक्षा के उन्नयन, गुणवत्ता सुधार, सार्वजनीकरण एवं सम्बलन हेतु सौंपे गये समस्त उत्तरदायित्वों को निष्ठापूर्वक सम्पन्न करेंगे।

(काना राम)
I.A.S.
निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा विभाग एवं
पंचायती राज (प्रावि) विभाग,
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपिः—

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री महोदय।
2. विशिष्ट सहायक, माननीया शिक्षा राज्यमंत्री महोदया।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, जयपुर।
4. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
5. निजी सचिव, निदेशक, माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
6. शासन उप सचिव, प्रारम्भिक शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
7. अनुभाग अधिकारी, शिक्षक संस्थापन/नियुक्ति अनुभाग, कार्यालय हाजा।
8. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, समस्त।
9. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा, समस्त।
10. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त।
11. पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त।
12. एसीपी, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा विभाग एवं
पंचायती राज (प्रावि) विभाग,
राजस्थान, बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation: Director
Date: 2023.08.17 1?:53:41 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4528022